पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना

इस कार्यालय द्वारा जारी समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 28.10.22 के अन्तर्गत यॉत्रिक समाडि विभाग में आर्टीजन संवर्ग के विभिन्न कोटियों के रिक्त पदों के विरूद्ध पदोन्नति हेतु दिनांक 21.01.23 को चयन लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी जिसके मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकनकर्ता अधिकारी द्वारा यह बताया गया कि कुछ अभ्यर्थियों ने प्रश्न संख्या 91 से 100 पर अंकित प्रश्न के दोनों भागों को हल दिया है जबकि प्रश्न पत्र के प्रथम पृष्ठ पर अंकित निर्देशों के पैरा (4) में यह अंकित किया गया था कि "प्रश्न सं. 91 से 100 तक के प्रश्नों के साथ राजभाषा से सम्बन्धित प्रश्न भी दिये गये हैं, जो वैकल्पिक हैं।" साथ ही पैरा (9) में भी यह अंकित है कि "यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है और दिये गये उत्तरों में से एक उत्तर सही है तो भी इसे गलत उत्तर माना जायेगा और उस प्रश्न हेतु कोई अंक नहीं दिया जायेगा।" यह भी उल्लेखनीय है कि ओ.एम.आर. शीट के प्रथम पृष्ठ पर अंकित अनुदेश के पैरा (5) में भी यह अंकित है कि "एक से ज्यादा खाने को गहरा/किसी प्रकार की कटिंग/इरेजिंग/बदलाव/ओवरराइटिंग इत्यादि न करें ऐसा करने पर प्रश्न के उत्तर को जॉचा नहीं जायेगा।" अतः तद्नुसार 91 से 100 पर अंकित किसी प्रश्न के दोनों भागों (जनरल साइंस एवं राजभाषा दोनों) को हल कर दिये जाने पर उस प्रश्न के दोनों भागों को मूल्यांकित नहीं किया जायेगा। अतः इस आलोक में प्रश्न संख्या 91 से 100 के दोनों भागों को हल कर दिये जाने परः-

1– यह उत्तर जोडा नहीं जायेगा एवं शून्य अंक दिया जायेगा।

2– किसी प्रश्न के दोनों भागों में किसी एक अथवा दोनों भागों के उत्तर सही होने पर भी इसे मूल्यांकित नहीं किया जायेगा।

3– नकारात्मक अंक नहीं दिया जायेगा।

इस पर सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

(दयाशंकर)
सकाधि–।।
कृते मण्डल रेल प्रबन्धक(का0)
लखनऊ

प्राधिकारः–File No: NER-LJN0PER(PRMP)/22/2022-O/o Sr DPO/LJN/NER **Computer No:** 82562

सं0–ई/।।/254/यॉत्रिक समाडि/25 प्रतिशत/2022 दिनांकः 20.03.2023

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1––वमंयॉइ/समाडि/लजं.

2–वमकाधि/लजं.

3–वरि.सीडीओ/गोरखपुर

4–सीडीओ/ऐशबाग/गोण्डा,

5–सी.से.इंजी0/समाडि/गोरखपुर,गोण्डा,लखनऊ,मैलानी नौतनवा, नानपारा, सीतापुर,बढनी

6–श्री अनिल कुमार, मुख्य कार्याधी/गोपनीय–कृपया इसे रेलवे की वेवसाइट पर अपलोंड करने की व्यवस्था करें।

20/03/23
कृते मंडल रेल प्रबन्धक(का0)
लखनऊ